>

Title : Need to provide a special package to State Governments for welfare of sanitation workers in the country.

श्री अर्जुन राम मेघवाल (बीकानेर): आज हमारे देश को आजाद हुए 65 वर्ष हो गए हैं, किंतु सफाई कामगार वर्ग आज भी सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक, राजनैतिक एवं प्रशासनिक क्षेत्र में सबसे पीछे की पंक्ति में खड़ा है। पं. दीन दयाल उपाध्याय जी ने कहा था कि जो सबसे कमजोर है, दुर्बल है उसे सबसे पहले लाभ दिया जाना जरूरी है। अनुसूचित जाति वर्ग में आने वाले समाज जोकि संपूर्ण समाज की सेवा एवं शहर व कस्बों में निवास करने वाले नागरिकों की सेवा में निरंतर लगा रहने वाला समाज सफाई का कार्य कर शहरों, गांवों, कस्बों को गंदगी मुक्त बनाए रखने में लगा रहता है, उसे सफाई कामगार समाज कहते हैं। सफाई कामगार समाज गटर की सफाई भी करता है और गटर की सफाई करते समय जहरीली एवं रासायनिक गैसों के कारण दुर्घटना ग्रसित होकर मौत के मुंह में भी समा जाता है, लेकिन बीपीएल की सूची सही नहीं होने के कारण उसको समुचित मुआवजा भी नहीं मिलता है। इस सफाई कामगार समाज के लिए मेरी भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय से यह मांग है कि जिस प्रकार अल्पसंख्यक समुदायों को विकास के लिए विशेष आर्थिक पैकेज दिया गया है, उसी प्रकार सफाई कामगार समाज को प्रत्येक राज्य के लिए विशेष आर्थिक पैकेज दिया जाए जिससे सफाई कामगारों को आवश्यकतानुसार वांछित लाभ मिल सकें। देश में मध्य प्रदेश एवं राजस्थान राज्य के सफाई कामगार समाज के लिए शीघ्र विशेष आर्थिक पैकेज की आवश्यकता है, जिससे इस वर्ग को चिकित्सा, बीमा, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि की सुविधाएं समय पर मिल सके और यह वर्ग समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकें।